9 गंभीर अपराधों का कुख्यात स्थायी वारंटी गिरफ्तार

- टांडा पुलिस को बड़ी सफलता
- अंतरराज्यीय गिरोह के सरगना को घेराबंदी कर पहाड़ियों से दौड़ाकर पकड़ा
- आरोपी पर 10,000 का इनाम था घोषित

टांडा/धार (निप्र) वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में जिलेभर में संपत्ति संबंधी अपराधों में फरार आरोपियों वस्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें पुलिस को 9 गंभीर मामलों में फरार आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है।

अभियान के तहत थाना प्रभारी टांडा निरीक्षक संजय रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी। शुक्रवार को स्थायी वारंटियों की तलाश के दौरान मुखबिर सूचना पर ग्राम गेट्टा में दबिश दी गई। पुलिस टीम को देखकर आरोपी खेतों के रास्ते पहाड़ियों की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर काफी दूर तक पीछा किया और बमुश्किल आरोपी को पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कुलदीप उर्फ गोलू पिता राधेश्याम डोडवे (23) निवासी ग्राम गेट्टा, थाना टांडा, जिला धार बताया। जांच में सामने आया कि आरोपी थाना टांडा, बाग, मनावर, राजोद, बदनावर सहित अलीबाग (महाराष्ट्र) में दर्ज संपत्ति संबंधी गंभीर अपराधों में वांछित था तथा विभिन्न न्यायालयों से उसके विरुद्ध स्थायी वारंट जारी थे। आरोपी थाना मनावर के संपत्ति संबंधी अपराध में उद्घोषित फरार भी था तथा उसकी गिरफ्तारी पर 10,000 का इनाम घोषित था। आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना संबंधित थानों एवं महाराष्ट्र पुलिस को भेजी गई है। गिरफ्तार आरोपी का नाम कुलदीप उर्फ गोलू पिता राधेश्याम डोडवे, जाति भील, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम गेट्टा, थाना टांडा, जिला धार है।

शराब तस्करी सहित कई मामले दर्ज

गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध विभिन्न थानों में संपत्ति संबंधी अपराध, चोरी, नकबजनी, शराब तस्करी एवं आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था तथा उसके विरुद्ध स्थायी वारंट भी जारी थे। आरोपी का थाना टांडा में अपराध क्रमांक 07/04.01.2022, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम - स्थायी वारंट जारी।, 2. थाना बाग - अपराध क्रमांक 316/04.10.2024, धारा 309(4) बीएनएस - फरार।,3. थाना बाग - अपराध क्रमांक 321/12.10.2024, धारा 303(2) बीएनएस - फरार।, 4. थाना बाग - अपराध क्रमांक 339/01.11.2024, धारा 310(4), 310(5) बीएनएस एवं 25-बी आर्म्स एक्ट - स्थायी वारंट जारी।, 5. थाना मनावर - अपराध क्रमांक 176/2026, धारा 309(4) बीएनएस - फरार होकर उद्घोषित।, 6. थाना मनावर - अपराध क्रमांक 1086/2022, धारा 457, 380 भादवि - फरार।, 7. थाना मनावर - अपराध क्रमांक 1322/2022, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम - फरार।, 8. थाना राजोद - अपराध क्रमांक 230/2020, धारा 457, 380 भादवि - फरार।, 9. थाना बदनावर - अपराध क्रमांक 437/2024, धारा 457, 380 भादवि - फरार। 10. थाना अलीबाग, जिला रायगढ़ (महाराष्ट्र) - संपत्ति संबंधी अपराध में तलाश थी।

आधार में जन्मतिथि सुधार को लेकर बढ़ी परेशानी

- आधार और शैक्षणिक दस्तावेजों में जन्मतिथि अलग होने से प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित, समाधान के लिए इंदौर आधार सेवा केंद्र जाने की दे रहे सलाह

बदनावर। बदनावर एवं आसपास के क्षेत्रों में कई अभिभावक बच्चों के आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि सही नहीं होने के कारण परेशानी का सामना कर रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि आधार कार्ड और स्कूल के दस्तावेजों अथवा जन्म प्रमाण-पत्र में जन्मतिथि अलग-अलग होने से नए प्रवेश और अन्य शैक्षणिक कार्यों में दिक्कत आ रही है। स्थानीय लोगों का दावा है कि क्षेत्र के कई बच्चे इस समस्या से प्रभावित हैं।

इस संबंध में बदनावर मंडी स्थित आधार सेवा केंद्र संचालक धीरेंद्र शर्मा ने बताया कि आधार में जन्मतिथि सामान्यत: एक बार ही अपडेट की जाती है। यदि निर्धारित सीमा के बाद दोबारा सुधार की आवश्यकता होती है, तो सामान्य केंद्र पर अपडेट संभव नहीं हो पाता।

उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में अभिभावकों को इंदौर स्थित आधार सेवा केंद्र जाना चाहिए, जहां विशेष परिस्थितियों में आवेदन की प्रक्रिया अपनाई जाती है। उनके अनुसार यदि पहली बार जन्मतिथि किसी अन्य दस्तावेज के आधार पर अपडेट की गई थी, तो आवश्यक नियमों के अनुसार जन्म प्रमाणपत्र के आधार पर आगे की प्रक्रिया संभव हो सकती है।

वहीं यदि पहली बार भी जन्म प्रमाणपत्र के आधार पर ही सुधार किया जा चुका है, तो मामला ढ्ढष्ठढ्ढ के नियमों के अनुसार अलग प्रक्रिया के तहत देखा जाता है।

अभिभावकों ने मांग की है कि इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय स्तर पर भी प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चों और उनके परिजनों को इंदौर जैसे बड़े शहर के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी शैक्षणिक प्रक्रिया प्रभावित न हो। आधार सेवा केंद्र, पता : अभय प्रशाल कॉम्प्लेक्स रेस कोर्स रोड, इंदौर प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक अभिभावक जन्मतिथि सुधार से संबंधित मामलों में उपरोक्त पते पर जाकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं, ताकि बच्चों की शैक्षणिक प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।

एक नजर में

खाटू श्याम मंदिर अम्बिकापुरी में श्रीफलों से आहुतियां

इंदौर. एयरपोर्ट रोड, अम्बिकापुरी स्थित खाटू श्याम धाम के 29वें वार्षिकोत्सव में गुरुवार को निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में खाटू श्याम महायज्ञ में 108 श्रीफलों की आहुतियाँ समर्पित कर समूचे राष्ट्र एवं मालवांचल में सुखद वर्षा, विश्व शांति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गत 20 जून से चल रहे महोत्सव में पुष्प बंगले एवं पवित्र ज्योत के दर्शन भी किए. समूचा परिसर दिनभर खाटू श्याम बाबा के जयघोष से गूंजता रहा. मंदिर के वार्षिकोत्सव का समापन शुक्रवार 26 जून को सुबह महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं संध्या को चलित भंडारे के साथ होगा. महंत नीलू बाबा ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज के सानिध्य में अ.भा. खाटू श्याम अखाड़े के अनेक संत-विद्वानों ने निर्जला एकादशी पर महोत्सव में अपनी भागीदारी दर्ज कराई. सुबह मंदिर में श्याम बाबा का मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शनार्थ भक्तों का मेला दिनभर जुटा रहा। मंदिर पर चल रहे खाटू श्याम महायज्ञ में सुबह 108 श्रीफलों (नारियल) की आहुतियाँ समर्पित कर श्याम बाबा से सुखद वर्षा, विश्व शांति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की गई. नारियल की आहुतियों में समाजसेवी राधेश्याम गुरूजी, विनोद मित्तल, पवन रामदास छावनी, जगदीश माहेश्वरी, रमेश शर्मा, मनीष गुप्ता एवं मंदिर समिति की ओर से धीरेंद्र जैसवाल, मनीष जैन, अनिल सोनी, श्याम सुंदर सोनी आदि ने भाग लिया.

मस्तिष्क के संकेतों को समझना जरूरी

इंदौर. आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सिरदर्द, तनाव, भूलने की आदत, चिड़चिड़ापन और थकान जैसी समस्याएं आम हो गई हैं. अधिकांश लोग इन्हें व्यस्त दिनचर्या, काम के दबाव या उम्र बढ़ने का सामान्य प्रभाव मानकर नजरअंदाज कर देते हैं. लेकिन कई बार शरीर के यही साधारण दिखने वाले संकेत किसी गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी की ओर इशारा कर रहे होते हैं. हर सिरदर्द सामान्य नहीं होता, मस्तिष्क के संकेतों को समझना जरूरी है. यह बात हाल ही में मनाए गए विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस के विषय में चर्चा करते हुए मेदांता हॉस्पिटल के इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूरोसाइंसेज़ के डायरेक्टर डॉ. रजनीश कछारा ने कही. उन्होंने बताया कि ब्रेन ट्यूमर के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि समय पर पहचान होने पर उपचार के परिणाम बेहतर हो सकते हैं और मरीज सामान्य जीवन जी सकता है. डॉ. कछारा के अनुसार लगातार या बढ़ता हुआ सिरदर्द, विशेषकर सुबह के समय अधिक दर्द होना, बिना कारण उल्टी होना, बार-बार चक्कर आना, अचानक दौरे पड़ना, आंखों की रोशनी कम होना, दो-दो दिखाई देना, बोलने में कठिनाई, शरीर के किसी हिस्से में कमजोरी या सुन्नपन महसूस होना, संतुलन बिगड़ना तथा व्यवहार और व्यक्तित्व में अचानक परिवर्तन जैसे लक्षण ब्रेन ट्यूमर के संकेत हो सकते हैं. शरीर द्वारा दिए जा रहे संकेतों को गंभीरता से लेना जरूरी है. कई मरीजों में भूलने की समस्या भी शुरुआती लक्षण के रूप में सामने आती है. विशेषज्ञों का मानना है कि यदि याददाश्त की समस्या लगातार बढ़ रही हो और उसके साथ अन्य न्यूरोलॉजिकल लक्षण भी मौजूद हों तो चिकित्सकीय जांच कराना आवश्यक है. मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजय गीद ने कहा कि पिछले एक दशक में न्यूरोसर्जरी और न्यूरो-ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है.

जगन्नाथ रथ यात्रा का पहला न्योता भगवान को समर्पित



इंदौर. अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के निपान्या स्थित मंदिर पर इस वर्ष भी भगवान श्री जगन्नाथजी की भव्य रथ यात्रा का दिव्य आयोजन 19 जुलाई को होगा. इस बार भी रथ यात्रा अन्नपूर्णा मंदिर परिसर से राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर तक निकाली जाएगी. इसके पूर्व 29 जून को भगवान जगन्नाथजी की स्नान यात्रा का आयोजन भी व्यापक पैमाने पर होगा, जिसमें भगवान को 108 तीर्थस्थलों के पवित्र जल से स्नान कराया जाएगा. रथ यात्रा की व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई है. इस्कॉन मंदिर इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु ने बताया कि रथ यात्रा 19 जुलाई को दोपहर 1 बजे अन्नपूर्णा मंदिर से शहर के सभी प्रमुख संत, विद्वानों, आचार्यों एवं वेदपाठी विद्वानों के सानिध्य में निकलेगी. आयोजन समिति के संयोजक हरि अग्रवाल, किशोर गोयल, अशोक गोयल एवं सह संयोजक भावेश दवे ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 29 जून को भगवान जगन्नाथ की स्नान यात्रा के साथ होगा. यह आयोजन निपान्या स्थित इस्कॉन मन्दिर पर दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा. महोत्सव का पहला न्योता गुरुवार को इस्कॉन मन्दिर पर भगवान जगन्नाथ को समर्पित किया गया. इस मौके पर प्रभु महामनदास के सानिध्य में क्षेत्र के पार्षद सुरेश कुरवाड़े, सयोजक हरि अग्रवाल, अशोक गोयल एवं मंदिर से जुड़े संत गिरधर गोपाल दास, अद्विधरण दास, श्रीनिकेतन दास, विशाल प्रभु, अच्युत गोपालदास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

शासकीय कॉलेज बाग में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

धार। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बाग में नशामुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में प्रो. सिगदार कन्नोज ने छात्रों को नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक हानियों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी संतोष चैहान ने बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है तथा इससे दूर रहकर ही एक स्वस्थ एवं समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है। डॉ. अंजलि जोशी ने नशा मुक्त जीवन अपनाने और समाज में भी नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करने की शपथ दिलाई गई। छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशा उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

दो दिवसीय ब्लॉक विजनिंग कार्यशाला का समापन

मनावर। जनपद पंचायत के आजीविका भवन सभागार में दिवसीय ब्लॉक विज़निंग कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य मनावर ब्लॉक के वर्ष 2030 तक के विकास हेतु आगामी पांच वर्षों का समग्र विजन तैयार करना था।

कार्यशाला का शुभारंभ जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित पचौरी एवं ब्लॉक परियोजना प्रबंधक आशीष शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यशाला में मनावर ब्लॉक के विभिन्न विभागों के अधिकारी, संकुल संगठन के पदाधिकारी, ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग़ैर सरकारी संगठनों ने सहभागिता करते हुए ब्लॉक विज़न निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यशाला के आयोजन में तकनीकी सहयोग ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित पचौरी ने कहा कि ब्लॉक विज़न मनावर के समग्र विकास की दिशा तय करने वाली एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके माध्यम से विकास की प्राथमिकताओं का निर्धारण किया गया ।जिसमें बेहतर शिक्षा व्यवस्था,बेहतर स्वास्थ सुविधाएं,प्राकृतिक जैविक खेती,जागरूक समाज,बेहतर रोजगार के अवसर पर भविष्य की कार्य योजना विभागीय अधिकारियों एवं ग्राम के सरपंचों द्वारा कार्य योजना पर विचार किए गए तथा प्रवास (माइग्रेशन) की समस्या, सतत आजीविका के अवसरों के सृजन एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रभावी दिशा प्राप्त होगी। मनावर के विज़न-2030 के क्रियान्वयन एवं प्रगति की निगरानी ब्लॉक स्तरीय समन्वय समिति के माध्यम से की जाएगी।

कार्यक्रम में टीआरआईएफ विनम्र धाकड़, मयंक, सृष्टि, म.प्र ग्रामीण आजीविका मिशन से आशीष शुक्ला, स्वास्थ्य विभाग जगदिश बर्मन, शिक्षा विभाग अशोक सोलकी, प्रकाश वर्मा, कृषि विभाग , मनोज अलावा, उद्यान विभाग, महिपाल सोलंकी, दिपक पाटिदार, संकुल स्तरीय सदस्य और ग्राम पंचायत सरपंच, सदस्य और अन्य लोग उपस्थित थे।

नर्सिंग की छात्राओं ने लोगों को दिया नशे से दूर रहने का संदेश

धार। अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग और अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर आज धार जिला मुख्यालय में नर्सिंग छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम कलेक्टर राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी के दिशा-निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित किया गया।

नशे के दुष्परिणामों और रोकथाम पर दी गई विस्तृत जानकारी नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भावी स्वास्थ्य कर्मियों (नर्सिंग छात्राओं) को नशे से समाज और स्वास्थ्य पर प?ने वाले घातक दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा इसकी रोकथाम में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था।

समाज को नशा मुक्त बनाने को करें पहल

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं प्रभारी उपसंचालक दिनेश वर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ तंबाकू नियंत्रण अधिकारी डॉ. संजय भंडारी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। दिनेश वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल एक व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से खोखला करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है। उन्होंने नर्सिंग छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वास्थ्य क्षेत्र में कदम रख रही हैं, इसलिए समाज को नशा मुक्त बनाने में वे एक मजबूत मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकती हैं।

डॉ. संजय भंडारी ने तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों की तकनीकी व चिकित्सकीय जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किस तरह समय पर काउंसिलिंग और सही मार्गदर्शन से लोगों को नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है। नर्सिंग छात्राओं ने ली नशा मुक्ति की शपथकार्यक्रम के अंत में उपस्थित नर्सिंग विद्यालय की सभी छात्राओं एवं स्टाफ को स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के वातावरण व समाज को नशा मुक्त बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई गई।

युवा सहभागिता अभियान में ओम रावत का चयन

धार। देश के सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों को सशक्त बनाने और युवाओं में राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करने के उद्देश्य से शुरू किए गए केंद्र सरकार के विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2026 के द्वितीय चरण हेतू धार से होनहार प्रतिभागी ओम रावत का चयन किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माय भारत (MY Bharat) पोर्टल के सहयोग से आयोजित इस राष्ट्रव्यापी चयन प्रक्रिया में जिले के ओम रावत देश के सीमावर्ती गांवों में विकसित भारत वाइब्रेंट विलेज में सात दिवसीय कार्यक्रम का हिस्सा बने।

जिला युवा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में माय भारत प्लेटफॉर्म पर आयोजित ऑनलाइन क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश से कुल 10 युवाओं को शॉर्टलिस्ट किया गया है। जिसमें धार ज़िले से ओम रावत का चयन हुआ। एक सप्ताह तक आयोजित होने वाले विशेष विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में राष्ट्रीय स्तर पर ओम रावत जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

दूसरे चरण के इस कार्यक्रम में उत्तर और पूर्वोत्तर राज्य जो चीन, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान और म्याँमार की सीमाओं से लगे गांवों को शामिल किया गया है। जिसमें अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के बुनियादी ढाँचे जिसमें सड़कों, टेलीविज़न और टेलीकॉम कनेक्टिविटी तथा 24×7 विद्युतीकरण के लक्ष्यों हेतु 100 से अधिक चयनित गांवों का दौरा करने का अवसर होगा। वहां ये युवा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और स्थानीय शासन निकायों के समन्वय में विभिन्न जमीनी गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे।

जन परिषद बदल रही समाज की तस्वीर : दीपक वोहरा

मनावर। समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और जनजागरण के उद्देश्य से पिछले 37 वर्षों से सतत कार्यरत जन परिषद का 37वां वार्षिक एवं सम्मान समारोह मंगलवार को भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

समारोह में देशभर से आए समाजसेवियों, शिक्षाविदों, पत्रकारों एवं विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट हस्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के पूर्व राजदूत एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ दीपक वोहरा ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रहा है तथा जन परिषद जैसी संस्थाएं समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मजबूत आधार बन रही हैं। दीपक वोहरा ने कहा कि जन परिषद की 37 वर्षों की सेवा यात्रा केवल एक संस्था की उपलब्धि नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण की सतत साधना का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संस्था के सेवा, संस्कार और जनकल्याण के कार्य आने वाली पी?ियों के लिए प्रेरणा बनेंगे। उन्होंने आचार्य चाणक्य के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि समाज में जन परिषद जैसी सैकड़ों संस्थाएं सक्रिय हो जाएं तो देश का सामाजिक वातावरण पूरी तरह बदल सकता है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और संस्कारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

समारोह में मध्यप्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना, अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन तथा एयर मार्शल प्रमोद श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अनुपम राजन ने कहा कि समाज के समग्र विकास में जनभागीदारी और सामाजिक संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा जन परिषद इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। वहीं एयर मार्शल प्रमोद श्रीवास्तव ने युवाओं से अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ आगे बनने का संदेश दिया।

एक नजर में

गच्छाधिपति आचार्य श्री नित्यसेन सूरी जी मुनीमण्डल सहित पहुंचे सर्व समाज ने मुनि मण्डल को भोजन वोहराया

शांतिनाथ जिन मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव में नगर चौरासी का भव्य आयोजन

कुक्षी। श्री शान्तिनाथ जिन मंदिर प्रतिष्ठा महामहोत्सव के पावन अवसर पर जैन समाज द्वारा नगर चौरासी (सामूहिक भोज) का भव्य आयोजन किया गया। गच्छाधीपति, आचार्य श्रीमद नित्यसेन सूरी जी एवं मुनीमण्डल भी समरसता भोजन पांडाल में पहुचे एवं वहां सर्व समाज प्रतिनिधियों ने मुनीमण्डल को भोजन वोहराया। विभिन्न समाज की नौ देवी स्वरूपा कन्याओ का पूजन कर समरसता भोजन प्रारम्भ किया गया ।इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में नगर से हजारों श्रद्धालु एवं नागरिक भोजन प्रसादी ग्रहण करने पहुँचे। पूरे आयोजन स्थल पर श्रद्धा, सेवा और समरसता का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

सुबह से ही श्रद्धालुओं का आगमन प्रारम्भ हो गया था। सर्व समाज के स्वयंसेवकों ने पूरी व्यवस्था को सुव्यवस्थित ढंग से संभाला तथा सभी आगंतुकों को प्रेमपूर्वक भोजन प्रसादी ग्रहण करवाई। आयोजन में सभी समाजों के लोगों ने सहभागिता करते हुए सामाजिक एकता और सौहार्द का परिचय दिया।

इस अवसर पर विराजमान पूज्य जैन संतों ने मानव सेवा को सर्वोच्च धर्म बताते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रेरक संदेश दिया। संतों ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने और सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले। मुनि अजितसेन विजयजी, मुनि निर्भयरत्न विजयजी ने भी इस अवसर पर रक्तदान किया

प्रतिष्ठा महामहोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस नगर चौरासी में धर्म, सेवा और समरसता का सुंदर संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने आयोजन की भव्यता, अनुशासित व्यवस्थाओं एवं समाजजनों की सेवा भावना की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक आयोजन बताया।

जैन समाज द्वारा आयोजित इस समरसता भोज (सामूहिक भोज) नगर के सर्व समाज द्वारा व्यवस्थाओ के संचालन में सहयोग दिया जैन समाज द्वारा सर्व समाज का इस अनुपम सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।